# षोडश

# बिहार विधान सभा

## सप्तम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{03 भाद्र, 1939 (श0)}}{\text{25 अगस्त, 2017 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 87**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 25 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 44 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 08 |
| (4) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 09 |
| (5) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 87 |

बिजली पहुँचाना

*256. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत गौरोल प्रखंड रूसुलपुर, तुर्की पंचायत के बिशुनपुर, बांदे में बंगाली राम का टोला में महादलितों की आबादी 250 से अधिक है, परन्तु आजतक वहाँ बिजली नहीं पहुँचाई गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महादलित टोला में कबतक बिजली पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*257. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भारत सरकार के गाईडलाईन के अनुसार सेन्ट्रल डिजास्टर रिलीफ फंड की 10 फीसदी राशि राज्य सरकार किसी खास आपदा प्रबंधन हेतु खर्च कर सकती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रावधान के तहत राज्य सरकार द्वारा अप्रील, 2015 में आकाशीय बिजली (ठनका) को खास आपदा में सम्मिलित किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि 21 जून, 2016 को आकाशीय बिजली से राज्य में 58 व्यक्तियों की मौत के बाद उक्त 10 प्रतिशत की राशि से लाईटनिंग सेंसर लगाये जाने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया परंतु आजतक लाईटनिंग सेंसर के सर्वे का काम भी पूरा नहीं किया गया है जबकि राज्य में 2017 में अभीतक 171 व्यक्तियों की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हो चुकी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक लाईटनिंग सेंसर लगवाने तथा शिथिलता के लिये दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

उत्क्रमित करना

*258. मो0 आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के गुडी पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र होने के कारण आम जनता को बेहतर इलाज की सुविधा नहीं मिल पाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अपने भवन में अस्पताल चलाना

*259. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधेपुर और रेफरल अस्पताल को एक ही भवन में चलाया जा रहा है तथा रेफरल अस्पताल के लिये प्राप्त आवंटन की राशि का शत-प्रतिशत गबन किया जा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार रेफरल अस्पताल, मधेपुर को उसके अपने भवन में चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जर्जर तार बदलना

*260. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखंड के धबौली पश्चिमी एवं दक्षिणी पंचायत में विद्युत् तार विगत पाँच वर्षों से जर्जर स्थिति में है, जिससे लो वोल्टेज एवं तार टूटने की घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायतों का जर्जर विद्युत् तार बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*261. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला-मधेपुरा अन्तर्गत प्रखंड पुरैनी के अधीन ग्राम पंचायत, नरहद के ग्राम-नया टोला में एक प्राचीन शिव मंदिर अवस्थित है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने आते हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्राचीन शिव मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

*262. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया प्रखंड में सीताकुण्ड धाम है जहाँ रामनवमी के दिन भव्य मेला लगता है जहाँ तीस से चालीस हजार लोग पहुँचते हैं, यदि हाँ, तो उक्त स्थल को रामायण सर्किट से जोड़कर पर्यटक स्थल के रूप में कबतक विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता राशि देना

*263. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रह्मपुर प्रखंड अन्तर्गत कैथी पंचायत के दरौली ग्राम में मई, 2017 में गड्ढा में गाय गिर गयी थी जिसे बचाने के क्रम में ग्राम-दरौली के सोनू यादव एवं दिनेश यादव की मृत्यु हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त घटना के बाद आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सरकार के स्तर से सहायता राशि देने का आश्वासन दिया गया था परन्तु आजतक पीड़ित परिवार को सहायता राशि नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतकों के आश्रितों को सहायता राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*264. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंडान्तर्गत P.H.C. ठाकुरगंज, A.P.H.C. पौआखाली में चिकित्सक एवं महिला चिकित्सकों की कमी के कारण क्षेत्र के पचास हजार से अधिक की जनसंख्या को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध होने में काफी कठिनाई उत्पन्न हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग के पत्रांक सं0 2/नियुक्ति-12/2017-74(2), दिनांक 25 जनवरी, 2017 के आलोक में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे मंगलवार को वॉक-इन-इन्टरव्यूह के तहत चिकित्सकों का नियोजन किया जाना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक नियोजित करने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*265. श्री राहुल तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखण्ड में स्थापित रेफरल अस्पताल पिछले पाँच वर्षों से जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य ने दिनांक 14 जून, 2016 को पत्र के माध्यम से शाहपुर रेफरल अस्पताल के जर्जर भवन की मरम्मती एवं चहारदीवारी निर्माण कराने हेतु विभागीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया गया है परन्तु आजतक भवन मरम्मती एवं चहारदीवारी निर्माण कराने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त रेफरल अस्पताल के जर्जर भवन की मरम्मती एवं चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*266. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत दिवारी मतौना पंचायत के ग्राम-सिमियाही में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन 20 वर्ष पूर्व में खंडहर में तब्दील हो चुका है, चिकित्सक एवं कर्मचारी कागजी खानापूर्ति करके चले जाते हैं, जिसके कारण मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि उपलब्ध करवाना

*267. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत 11 अप्रैल, 2017 को सड़क हादसे में नन्दकिशोर पासवान, ग्राम-बगही बधावरपुर, थाना-श्रीनगर तथा सुकर राम, ग्राम-कोहँड़ा, भवानीपुर, थाना-श्रीनगर की मृत्यु एक साथ हो गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस तरह के हादसे में दो दिन के अन्दर सहायता राशि उपलब्ध कराने का सरकार का निर्णय है, परन्तु अबतक मृतक के आश्रितों को सहायता राशि नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक के आश्रितों को सहायता राशि उपलब्ध करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*268. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड स्थित ग्राम-डटरा पुरसोली में विद्युत् आपूर्ति हेतु पावर सब-स्टेशन का ससमय निर्माण नहीं होने से स्थानीय विद्युत् उपभोक्ताओं को नियमित विद्युत् आपूर्ति नहीं होने के साथ-ही-साथ लो वोल्टेज की भी समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ग्राम-डटरा फुरसोली में निर्माणाधीन पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*269. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बैरगनियाँ अस्पताल में डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी के कमी के कारण ग्रामीणों को समुचित चिकित्सा लाभ नहीं मिल पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अस्पताल परिसर में महिला रोगियों को समुचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने के कारण मृत्यु दर में वृद्धि हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अस्पताल में डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी की समुचित प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*270. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखण्डान्तर्गत मंदिर ओला, गम्भीरगढ़, हाथीडूबा (नुनियाटारी मौजा) तेलीभीरा, दल्लैगाँव आदि ग्रामों एवं दिघव बैंक प्रखंड के कांटा टप्पू, आदिवासी टोला विद्युतीकरण से वंचित हैं, जिसके उक्त गाँव के ग्रामीण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त ग्रामों में विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् की आपूर्ति

*271. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा विधान सभा क्षेत्र में विद्युत् आपूर्ति 24 घंटा में मात्र 5 घंटा ही होती है, जबकि सरकार प्रतिदिन 18 घंटा विद्युत् आपूर्ति देने का दावा करती है, यदि हाँ, तो सरकार बड़हरा विधान सभा क्षेत्र में 18 घंटा विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापित करना

*272. श्री विजय कुमार विजय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के अथमलगोला प्रखण्ड के कल्याणपुर पंचायत के कल्याणपुर ग्राम में लल्लू सिंह के टोला में स्थित 63 के0 वी0 ए0 का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है, परन्तु लो वोल्टेज एवं बार-बार ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज गल जाने से विद्युत् आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार 63 के0 वी0 ए0 के स्थान पर 100 के0 वी0 ए0 का ट्रांसफॉर्मर स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नर्सिंग स्कूल खोलना

*273. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड अन्तर्गत बनकटी ग्राम स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रेवतीथ के प्रांगण में ए0 एन0 एम0 स्कूल खोलने की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2016 में सरकार ने प्रदान की है, परन्तु अभीतक विभाग द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार ए0 एन0 एम0 स्कूल कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जर्जर तार बदलना

*274. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखण्ड अन्तर्गत कजरा से भूड़ी पश्चिम टोला तक विद्युत् तार जर्जर रहने तथा पोल क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण भूड़ी पश्चिम टोला, भूड़ी पूरब टोला में विद्युत् आपूर्ति प्रभावित होती है साथ ही खतरा की भी स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कजरा से भूड़ी पश्चिम टोला तक जर्जर तार बदलने तथा पोल की आवश्यक संख्या मुहैया कराने का विचार रखती है ?

-------

जीर्णोद्धार कराना

*275. श्री (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र के जमीरा पंचायत के जमीरा उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस भवन का जीर्णोद्धार कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*276. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी, डोभी एवं आमस में SPML कम्पनी द्वारा कराये जा रहे ग्रामीण विद्युतीकरण कार्य को वर्ष 2015 में ही पूर्ण किया जाना था परन्तु कम्पनी द्वारा ग्रामीण विद्युतीकरण कार्य के तहत 16 तथा 25 के०वी०ए० का ट्रांसफॉर्मर अबतक नहीं बदला गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शेरघाटी, डोभी एवं आमस प्रखण्ड के शेष बचे गाँवों में ग्रामीण विद्युतीकरण कार्य को पूर्ण कराने एवं कार्य में शिथिलता बरतने वाली कम्पनी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन का निर्माण

*277. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखण्ड के धमौली दक्षिणी पंचायत मे 6 फरवरी, 2014 को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि दो वर्ष बीत जाने के बाद भी उक्त प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण अभीतक नहीं किया गया है, जिसके कारण रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*278. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला (मोतिहारी) के सदर अस्पताल में आई०सी०यू० के लिये प्रशिक्षित डॉक्टर नहीं रहने से मरीजो को उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 60 लाख से अधिक आबादी वाले जिला मुख्यालय के सदर अस्पताल के आई०सी०यू० में मरीजों की संख्या काफी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल के आई०सी०यू० के लिये प्रशिक्षित डॉक्टर को पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

उप-केन्द्र खोलना

*279. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत करगहर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत खड़ारी एवं बसडीहा में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के आम जनता को इलाज कराने के लिये करगहर एवं सासाराम जाना पड़ता है, जिससे गरीब जनता को आर्थिक क्षति होती है एवं उनका अधिक समय बर्बाद होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम-विलासपुर में स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने की विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

प्रतिनियुक्ति करना

*280. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक का पद 2 वर्षों से रिक्त रहने के कारण महिला रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सा कार्य आरंभ कराना

*281. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सुल्तानगंज प्रखंड के उधाडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन दो साल से बनकर तैयार रहने के बावजूद चिकित्सा कार्य वहाँ नहीं होकर निजी मकान में चलता है, यदि हाँ, तो सरकार नया भवन में चिकित्सा कार्य आरंभ कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

निर्माण प्रारम्भ करना

*282. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत सदर अस्पताल में 300 बेड का भवन निर्माण विगत पाँच वर्षों से लंबित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण के अभाव में रोगियों को काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक भवन निर्माण प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रोप-वे लगाना

*283. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड में माँ ऊमगेश्वरी मंदिर पहाड़ के ऊपर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि काफी ऊँचाई पर मंदिर रहने के कारण पर्यटकों को दर्शन हेतु जाने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मंदिर तक रोप-वे लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा की राशि

*284. श्री मुन्द्रिका सिंह यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 4 जुलाई, 2017 को मुन्ना कुमार, पिता-गिरजेश राम, ग्राम-नारायणपुर, पंचायत-सेसम्बा, थाना-शरकुराबाद, जिला-जहानाबाद शौच के लिये जाने के क्रम में विद्युत् स्पर्शाघात से उनकी मृत्यु हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पीड़ित परिवार को पारिवारिक लाभ योजना की राशि प्रदान की गयी है जबकि मुआवजा की राशि नहीं दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीड़ित परिवार को मुआवजा की राशि प्रदान करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा चालू कराना

*285. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिकन्दरा विधान सभा के सिकन्दरा प्रखंड के सिझौरी पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र साल से बना हुआ है पर आजतक उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण चिकित्सा कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है एवं उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर अवैध कब्जा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जल्द से जल्द उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र को अवैध कब्जा से मुक्त कराकर डॉक्टर और नर्स की प्रतिनियुक्ति करते हुये चिकित्सा सुविधा चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दर्जा देना

*286. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड में सिर्फ एक प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र को उत्क्रमित कर अनुमंडलीय अस्पताल का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*287. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नौहट्टा प्रखंड के रेफरल अस्पताल नौहट्टा में मरीज के लिये बेड, शौचालय सहित कई सुविधायें नहीं है तथा गंदगी का अम्बार लगा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एन०जी०ओ के माध्यम से अनुभवहीन ऑपरेटर के द्वारा एक्सरे कराया जाता है तथा समय से डॉक्टर एवं नर्स नहीं आते हैं, दवा के नाम पर रूई न सूई स्टॉक में दवा रहने के बावजूद गरीबों को दवा नहीं दी जाती है बल्कि दवा बाहर बेचा जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मरीजों को सुविधा मुहैया कराते हुये अनुपस्थित रह रहे डॉक्टर एवं कर्मचारी के ऊपर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता राशि देना

*288. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रह्मपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत वर्ष 2016 में बाढ़ के समय दियर इलाका के नैनीजोर पंचायत, महुआर पंचायत, गोहना पंचायत, गायघाट पंचायत में काफी नुकसान हुआ था, जिसकी भरपाई के लिये आजतक किसानों को सहायता राशि नहीं दी गई है, यदि हाँ, तो पीड़ित किसानों को सरकार सहायता राशि कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नया केबल तार लगाना

*289. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारी शरीफ प्रखंडान्तर्गत ग्राम-ढेलवाँ में श्री ललन सिंह एवं श्री जय राम सिंह के मकान के पास स्थित दोनों पोल में 20 वर्ष पूर्व सी०टी०एस० तार द्वारा उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति की जा रही थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सी०टी०एस० तार एक माह पूर्व जल गया है, जिसकी लिखित सूचना उपभोक्ताओं द्वारा दिनांक 19 जुलाई, 2017 को सहायक विद्युत् अभियंता, कंकड़बाग डिवीजन भूपतिपुर पटना को दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम स्थित दोनों पोलों के बीच कबतक नया केबल तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*290. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिनांक 3 नवम्बर, 2016 को जलालपुर प्रखंड के टरवाँ पोछिया ग्राम के विनोद कुमार पासवान, पिता-मुक्तिनाथ माँझी एवं मिथिलेश कुमार प्रसाद, पिता-शिव कुमार प्रसाद तथा दिनांक 18 मई, 2016 को माँझी प्रखंड के बरेजा ग्राम निवासी राजकुमारी देवी, पति-शंकर प्रसाद की मृत्यु विद्युत् स्पर्शाघात से हो गई थी, परन्तु आजतक नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड द्वारा मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार मृतकों के आश्रितों को मुआवजा राशि कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना का कार्यान्वयन

*291. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत शाहकुंड गिरवरनाथ पहाड़ पर्यटन के विकास हेतु चयनित है, यदि हाँ, तो सरकार इसके विकास योजना को कबतक कार्यान्वयन करना चाहती है ?

दर्जा देना

*292. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड में स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सोनैली में 9 ग्राम पंचायतों से आम जनता इलाज कराने के लिये आती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को तत्कालीन मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, बिहार द्वारा 26 जनवरी, 2013 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमण हेतु शिलान्यास किया गया था लेकिन उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को अभीतक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा नहीं मिला है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अभीतक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा नहीं देने का क्या औचित्य है ?

---------

विद्युत् की आपूर्ति

*293. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखंड के बलहाँ, सराय नरेन्द्र, कहला, यादव टोली एवं माझा प्रखंड के ग्राम-शेखपरसा में बिजली का खम्भा एवं तार स्थापित नहीं होने के कारण विद्युत् आपूर्ति नहीं हो पा रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार खंड (1) में वर्णित गाँवों में कबतक विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

परीक्षाफल का प्रकाशन

*294. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के ज्ञापांक 1910/आ०, दिनांक 21 जून, 2015 के आलोक में स्वास्थ्य विभाग, पटना के अधीन एक्स-रे टेकनीशियन के रिक्त 215 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया था;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित विज्ञापन के आलोक में 12 मई, 2016 को अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग करने के पश्चात् इसमें सफल अभ्यर्थियों की सूची बिहार कर्मचारी चयन आयोग की बेवसाईट पर प्रकाशित किया गया जिसके आधार पर साक्षात्कार दिनांक 11 जुलाई, 2016 को सम्पन्न हुआ, जिसका अभीतक परिणाम नहीं आया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एक्स-रे टेक्नीशियन के पद पर नियुक्ति हेतु परीक्षाफल प्रकाशन का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा देना

*295. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के सीमांचल में पूर्णियाँ प्रमण्डल आम लोगों के उपचार हेतु मेडिकल हब है, यहाँ सदर अस्पताल एवं काफी संख्या में रजिस्टर्ड नर्सिंग होम कार्यरत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि मेडिकल वेस्ट का डम्प सदर अस्पताल परिसर में होता है, यहाँ मेडिकल वेस्ट निस्तारण के लिये सदर अस्पताल में इन्सीनरेटर की सुविधा नहीं है, जिससे संक्रमण रोग का खतरा बराबर बना रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सदर अस्पताल, पूर्णियाँ में इन्सीनरेटर की सुविधा देना का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*296. श्री मनोज कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखंड के देवकुंड में फाल्गुन त्रयोदशी महाशिवरात्रि के अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा दुधेश्वरनाथ मंदिर पर आते हैं और मंदिर प्रांगण में विशाल मेला का आयोजन होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि देवकुंड को अभीतक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार देवकुंड को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापन करना

*297. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अन्तर्गत प्रखंड पुरैनी के अधीन ग्राम पंचायत नरहद के ग्राम-नया टोला में वर्ष 2007 में जिला संचालन समिति, मधेपुरा एवं राज्य संचालन समिति, बिहार द्वारा एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति दी गयी थी, जिसका अभीतक स्थापना नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण तथा चिकित्सक के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*298. श्री रवीन्द्र सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करेल प्रखंड के कमता में तथा करपी प्रखंड के बेलखारा में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के भवन का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तार एवं ब्रेकर बदलना

*299. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड के पुनपुन फीडर का 105 के०एम० तार, 20 पोल, भी०सी०बी० ब्रेकर तथा टंडवा फीडर का 36 के०एम० तार, 30 पोल, भी०सी०बी० ब्रेकर जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तार, पोल, भी०सी०बी० ब्रेकर जर्जर होने से दुर्घटना घटित होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों फीडरों का जर्जर तार, पोल, भी०सी०बी०, ब्रेकर बदलने का विचार है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन की मरम्मती

*300. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड स्थित राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, पुल्ली का पुराना भवन ध्वस्त हो चुका है जिसके कारण चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को इलाज करने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त औषधालय के भवन की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निरस्त करना

*301. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण विद्युत् फ्रेन्चाईजी (R.R.F.) योजना, 2013 के तहत मीटर रीडिंग, स्पॉट बिलिंग, राजस्व वसूली इत्यादि कार्य (R.R.F.) कामगारों के द्वारा 6.39 पैसा के दर से सम्पन्न कराया जा रहा था और राजस्व वसूली में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि (R.R.F.) को हटाकर उक्त कार्य को N.B.P.D.C.L. और S.B.P.D.C.L. के पत्रांक क्रमश: 728, 729, दिनांक 1 जुलाई, 2017 तथा पत्रांक 878, दिनांक 28 जून, 2017 के द्वारा तीन अलग-अलग निजी कम्पनियों को 70 प्रतिशत वृद्धि के साथ 10.76 पैसे के दर से सौंप दिया गया है जिससे राजस्व की हानि हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निजी कम्पनियों के पक्ष में लिये गये निर्णय को निरस्त करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

प्रतिनियुक्त करना

*302. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय प्रखण्ड के कैथ पंचायत स्थित प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र जर्जर भवन और कर्मियों के अभाव में स्वास्थ्य सेवा नहीं दे पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र के जर्जर भवन का निर्माण एवं आवश्यक कर्मियों को प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----------

मुआवजा देना

*303. श्री मनोज कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2016 में वर्षा ऋतु के दौरान औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखण्ड के गोह उत्तरी इलाके के कई गाँव बुधई कला, हरिगाँव, शेखपुरा, खैरा सहरसा, बसावनपुर, अरण्डा गमहारी हुंडरही मियाँपुर, बख्तियारपुर, बुधईखुर्द, बैजलपुर, पीपराही, अंकुरी गोरकटी, महेश परासी में अत्यधिक वर्षा और बाढ़ से गरीबों के कच्चे मकान की भारी क्षति होने के एवज में आज भी सरकार द्वारा मुआवजा नहीं मिलने से बाढ़ प्रभावित लोग बदतर जीवन जी रहे हैं;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त बाढ़ से प्रभावित लोगों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

आपूर्ति सुनिश्चित करना

*304. श्री प्रकाश राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बाढ़ प्रखण्ड के रूपस टोला मनराज सिंह के गाँव में विगत पाँच वर्ष पूर्व ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर ट्रांसफॉर्मर में विद्युत् कनेक्शन दे दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ट्रांसफॉर्मर से गाँव में पोल एवं तार लगाकर आजतक विद्युत् का संचालन नहीं किया गया है, जबकि पचासों ग्रामीणों द्वारा नियमानुसार विद्युत् उपभोक्ता बनकर निजी तार एवं बाँस लगाकर ट्रांसफॉर्मर पर से ही विद्युत् का कनेक्शन ले लिया गया है, जिससे आये दिन अप्रिय घटना घटित होती रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में पोल एवं तार लगाकर विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

बकाया का भुगतान

*305. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण विद्युत् फ्रेन्चाईजी (R.R.F.) योजना, 2013 के तहत मीटर रीडिंग, स्पॉट बिलिंग, राजस्व वसूली इत्यादि कार्य (R.R.F.) से कराया जा रहा है और विद्युत् राजस्व वसूली में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज भी हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि R.R.F. योजना, 2013 में विहित कार्यों और उन कर्यों के लिये पारिश्रमिक/कमीशन का दर एवं माह के दसवें तारीख के बाद भुगतान पर 10 प्रतिशत विलम्ब शुल्क के साथ भुगतान का प्रावधान है;

(3) क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार में R.R.F. कामगारों के द्वारा किये गये कार्यों का भुगतेय पारिश्रमिक/कमीशन का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार R.R.F. के तमाम बकाया का भुगतान विलम्ब शुल्क के साथ करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करना

*306. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में तीस हजार की आबादी पर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का निर्णय लिय है;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के सरायरंजन प्रखण्ड अन्तर्गत प्रखण्ड के दक्षिणी छोर, मुसापुर, मणिकपुर एवं धर्मपुर पंचायत के दर्जनों गाँव मिलाकर तीस हजार से ज्यादा आबादी वाला क्षेत्र है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार धर्मपुर पंचायत में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

समिति का गठित

*307. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी C.H.C. में रोगी कल्याण समिति गठित नहीं की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि रोगी कल्याण समिति नहीं रहने से समिति के द्वारा होने वाला कार्यों एवं योजनाओं का लाभ, लाभुकों को नहीं मिल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रोगी कल्याण समिति गठित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषियों पर कार्रवाई

*308. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत करोडों की लागत से निर्मित सिधवलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवनिर्मित भवन छ: माह में ही क्षतिग्रस्त हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी गोपालगंज द्वारा एक टीम गठित कर प्रारंभिक जाँच करायी है, जिसमें इसकी पुष्टि हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार घटिया निर्माण करने वाले संवेदक तथा निर्माण की निगरानी करने वाले विभागीय पदाधिकारियों की मिलीभगत की उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि प्रदान करना

*309. श्री मुन्द्रिका सिंह यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के शकुराबाद थाना के ग्राम-नारायणपुर को माधवी कुमारी, पिता-संजय दास की दिनांक 27 जून, 2017 को सामुहिक दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि पीड़ित परिवार को पारिवारिक लाभ योजना की राशि प्रदान की गयी है जबकि मुआवजा की राशि 4 लाख रुपये नहीं दी गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीड़ित परिवार को मुआवजा की राशि प्रदान करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुचारू रूप से चलाना

*310. श्री श्याम बाबू यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मेहसी प्रखण्ड के राजेपुर में एक ही उप-स्वास्थ्य केन्द्र है जहाँ 14 से 15 पंचायत के लोग इलाज हेतु जाते हैं तथा यह स्वास्थ्य केन्द्र सुचारू ढंग से नहीं चलता है वहाँ डॉक्टर और स्टाफ की कमी है, जिससे लोगों को चिकित्सा सेवा नहीं मिल पाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर डॉक्टर और चिकित्सा कर्मियों का पदस्थापन कर स्वास्थ्य केन्द्र को सुचारू रूप से चलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोल-तार एवं ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध करना

*311. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखण्ड अन्तर्गत घटारी शर्मा टोला तथा घटारी महलदार टोला में विद्युत् आपूर्ति हेतु पोल-तार की आपूर्ति नहीं कराये जाने से ग्रामीण विद्युत् का उपभोग करने से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों टोला में विद्युत् आपूर्ति हेतु पोल-तार एवं ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

*312. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि इस्लामपुर विधान सभा क्षेत्र के खुदागंज बाजार जिसके आस-पास के पंचायतों को मिलाकर 25,000 की आबादी से अधिक रहने के बावजूद एक भी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, जिससे आम जनता को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक खुदागंज बाजार में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुनः योगदान कराना

*313. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्रीमती मीना कुमारी की नियुक्ति सर्वप्रथम जिला पूर्णियाँ अन्तर्गत टेढ़ागाछ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ए०एन०एम० के पद पर हुयी थी, जिसमें उनकी जन्म तिथि 1 जनवरी, 1965 दर्शायी गयी थी । वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मटिहाना प्रखण्ड सोनों, जिला जमुई में कार्यरत श्रीमती कुमारी की सेवापुस्तिका में जन्म तिथि में छेड़छाड़ कर 10 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बी०एस०ई०बी० पटना ने पत्रांक 3220, दिनांक 4 अगस्त, 2015 द्वारा जन्म तिथि 1 जनवरी, 1965 को सत्यापित कर अगस्त, 2015 में निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएँ बिहार को सूचित किया है, किन्तु जन्म तिथि दो वर्ष पूर्व सत्यापित होने के बाद भी श्रीमती कुमारी को पुनः योगदान नहीं दिलाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त ए०एन०एम० को पुनः कब योगदान कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलना

*314. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के डंडारी प्रखण्ड अन्तर्गत महिपाटोल पंचायत के परतारपुर गाँव में एक भी स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस गाँव की आबादी पाँच हजार से अधिक है तथा प्रखण्ड मुख्यालय एवं मुख्य स्वास्थ्य केन्द्र की दूरी यहाँ से 8 कि०मी० है जिसके कारण लोगों को इलाज में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार परतारपुर ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्यादेश देना

*315. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत कटिहार एवं हसनगंज प्रखण्डों के पोखरिया संथाली भांग टोला, बलुआ, बैरगाछी, पतसेरवा ढोलबज्जा, सिरसा, मंडल टोला परतैली एवं अन्य पचास टोलों को दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति कुटीर योजना अन्तर्गत विद्युतीकरण हेतु इनैरगो एजेंसी को कार्य दिया गया था लेकिन इसे काली सूची में दर्ज कर कार्य से वंचित किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्युतीकरण से वंचित गाँवों को अन्य एजेंसी को विद्युतीकरण हेतु कार्यादेश देने का इरादा रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

निर्माण कार्य प्रारम्भ कराना

*316. श्री शशिभूषण हजारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि डी०एम०सी०एच०, दरभंगा में सर्जीकल वार्ड के निर्माण हेतु विगत छः माह पूर्व निविदा की प्रक्रिया समाप्त होने के बावजूद अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, जिसके कारण मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सर्जीकल वार्ड का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नामाकरण करना

*317. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बड़हरा की स्थापना स्व० रेवलीग्वालिन द्वारा सन् 1939 में किया गया था तथा उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की भूमिदाता एवं संस्थापक स्व० रेवलीग्वालिन रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नाम स्व० रेवलीग्वालिन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बड़हरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*318. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखंड स्थित रेफरल अस्पताल तरैया में स्थानीय गरीब मरीज दवा, चिकित्सक एवं स्वास्थ्य संबंधी अन्य सुविधा से वंचित हो रहे हैं, साथ ही प्रभारी चिकित्सक द्वारा गरीब मरीजों को बाहर से दवा खरीदने को विवश किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित अस्पताल में कबतक दवा, चिकित्सक एवं स्वास्थ्य संबंधी अन्य सुविधा मुहैया कराने के साथ ही साथ दोषी प्रभारी चिकित्सक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सामग्रियों की व्यवस्था

*319. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत उच्च विद्यालयों में बेंच, डेस्क आदि सामग्री की व्यवस्था सरकार द्वारा की जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा अनुदान पर संचालित मदरसों में बेंच, डेस्क सहित अन्य सामग्री की व्यवस्था सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य में मदरसों में बेंच, डेस्क सहित अन्य सामग्रियों की व्यवस्था कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सब-स्टेशन का निर्माण

*320. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत सरमेरा प्रखंड के ग्राम-गोपालवाद में वित्तीय वर्ष 2015-16 में विद्युत् सब-स्टेशन का नव निर्माण हेतु सरकार ने निर्णय लिया है परन्तु अभीतक विद्युत् पावर सब-स्टेशन के निर्माण हेतु कोई कार्य नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार इसमें विलम्ब करने वाले संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये कबतक विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुआवजा देना

*321. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत करगहर प्रखंड के मौजा खरहरी, उसीना, मनीयारी बभनी एवं चरचरी के किसानों के गेहूँ का फसल आग लगने के कारण अप्रील, 2017 में जल गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त मौजा के किसानों को फसल क्षति का मुआवजा अभीतक नहीं मिला है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापना करना

*322. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के रफीगंज एवं मदनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक नहीं हैं, जिससे महिला रोगियों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार रफीगंज एवं मदनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कबतक महिला चिकित्सक का पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा उपलब्ध कराना

*323. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के मसौढ़ी अनुमण्डलीय अस्पताल, मसौढ़ी में शिशु रोग एवं हड्डी रोग सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा नहीं रहने से वहाँ के ग्रामीणों को पटना या गया इलाज हेतु जाना पड़ रहा है, जिससे आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त अनुमंडलीय अस्पताल में शिशु रोग एवं हड्डी रोग के चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति एवं अन्य सुविधाएँ कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुरक्षा का विचार

*324. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के पंचायत खरहट के ग्राम-नारायणपुर, छतियौना पंचायत के ग्राम-छतियौना में 33,000 वोल्ट का तार साथ ही छतियौना पंचायत के ग्राम-रेही, मुशहरी टोला, हदयपुर एवं कुपाड़ी पंचायत के ग्राम-कदवा में 11,000 वोल्ट का तार जमीन में काफी नजदीक आ गया है, जिससे आजतक तार से सटकर 5 (पाँच) मवेशी मर चुका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित गाँवों में तार को ऊपर उठाकर जान-माल की सुरक्षा करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तबादला करना

*325. श्री जिवेश कुमार--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 18 जुलाई, 2017 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''30 में बचे 16 बेड, दवाओं की भी कमी, साइन कर नदारद रहते कर्मी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड स्थित जाले रेफरल अस्पताल में 30 बेड की जगह महज 16 बेड ही काम कर रहे है,

(2) क्या यह बात सही है कि इस अस्पताल में 20 वर्षों से प्रभारी चिकित्सक एवं कई कर्मी एक ही स्थान पर प्रतिनियुक्त हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि ड्यूटी किये बिना ही कर्मचारी की हाजरी बन जाती है एवं बगैर सूचना के ही अस्पताल कर्मी गायव रहते हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त अस्पताल को सुचारू रूप से चलाने के साथ-साथ वर्षों से प्रतिनियुक्त अधिकारियों का तबादला करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जर्जर तार बदलना

*326. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिले के तारापुर एवं संग्रामपुर प्रखंड में 440 वोल्ट एवं 11,000 वोल्ट के हाईटेंशन तार की स्थिति काफी दयनीय है जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों के जर्जर तार बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जर्जर तार एवं ब्रेकर बदलना

*327. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड के बारा फीडर में 36 के०एम० तार एवं 30 पोल तथा सलैया, तेतरिया फीडर में 39 के०एम० तार एवं 15 पोल जर्जर हैं तथा भी०सी०बी० ब्रेकर नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त फीडर में तार, पोल जर्जर होने से आम जनता को काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त फीडर का जर्जर तार, पोल एवं ब्रेकर बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थानान्तरण रद्द करना

*328. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के ज्ञापांक 2/एम-54/2015 (पार्ट) 839(2), दिनांक 1 जुलाई, 2015 द्वारा बिना सरकार की अनुमति प्राप्त किये किसी भी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी की प्रतिनियुक्ति एवं स्थानान्तरण नहीं करने का निदेश राज्य के सभी सिविल सर्जनों को दे दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित निदेश के बावजूद बिना सरकार की अनुमति लिये ही सिविल सर्जन, गोपालगंज द्वारा अपने पत्रांक 1758, दिनांक 30 जून, 2016 द्वारा कुल ग्यारह (11) चिकित्सकों का स्थानांतरण कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिविल सर्जन, गोपालगंज के द्वारा किये गये उक्त स्थानांतरण को रद्द करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*329. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखंड अंतर्गत मिर्जापुर पंचायत के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिर्जापुर में चिकित्सक नहीं होने के कारण वहाँ के मरीजों को 20 कि०मी० दूर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोठिया जाना पड़ता है, जिसके कारण कई मरीज की आवागमन के दौरान ही मृत्यु हो जाती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

अनुदान की राशि

*330. श्री विजय शंकर दूबे--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत जलालपुर प्रखण्ड के ग्राम-कोपा दलित बस्ती के सोनिया कुमारी उर्फ सानिया कुमारी की आकाशी बिजली (ठनका) गिरने के कारण दिनांक 1 जुलाई, 2017 को आकस्मिक मौत की घटना के उपरान्त आजतक आपदा अनुदान की राशि मृतक के परिजनों को नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक आकाशी बिजली (ठनका) से मृत सोनिया कुमारी उर्फ सानिया कुमारी के आश्रितों को अनुदान राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

मुआवजा देना

*331. श्री (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2016 में भीषण बाढ़ आने के कारण सरकार द्वारा आरा विधान सभा क्षेत्र के 9 पंचायत को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन नौ पंचायतों में फसल क्षतिपूर्ति की राशि आजतक नहीं दी गयी है एवं बाढ़ के कारण जिन व्यक्ति के घर बर्बाद हुये उन क्षेत्रों के कुछ पंचायतों के गाँव जैसे मखदुमपुर, दौलतपुर एवं अन्य गाँवों में बाढ़ राहत राशि भी नहीं दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बाढ़ राहत राशि एवं फसल क्षति मुआवजा बाढ़ पीड़ितों को देना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*332. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के मसौढ़ी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत धनरूआ प्रखण्ड के वीर में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य-केन्द्र स्थापित था तथा उसमें चिकित्सक एवं कर्मचारी भी प्रतिनियुक्त थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में उक्त अस्पताल का भवन पूर्णत: ध्वस्त है, जिसके कारण उस भूमि पर अतिक्रमण हो रहा है तथा एक छोटे से कमरे में अस्पताल का संचालन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, वीर का भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन की मरम्मती

*333. श्री राजू तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत गोविन्दगंज विधान सभा क्षेत्र के मलाही में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवस्था करवाना

*334. श्री सुधीर कुमार उर्फ बन्टी चौधरी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिकन्दरा विधान सभा क्षेत्र के इसलामनगर, अलीगंज प्रखण्ड के भलुआना पंचायत में औलिया बाबा का दरगाह है जो छोटी-सी पहाड़ी के ऊपर है, यहाँपर हर शुक्रवार को मुस्लिम और हिन्दू समुदाय के लोग बड़ी संख्या में दर्शन करने आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर श्रद्धालुओं के लिये आने-जाने का रास्ता, पीने का पानी, बिजली और बैठने का कोई भी व्यवस्था नहीं है, जिससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वहाँ उपर्युक्त व्यवस्था करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*335. श्री अशोक कुमार सिंह (203)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखण्ड में चेहरिया पंचायत के चैहरिया ग्राम में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है जिसका भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की कीमती जमीन स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अतिक्रमण से मुक्त कराकर नया भवन एवं चहारदीवारी बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

वंचित करने का औचित्य

*336. श्री राघव शरण पाण्डेय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जुलाई, 2017 में पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा-1 प्रखंड के चटवनी-रजवटिया पंचायत के गाँवों में बिजली आपूर्ति बन्द कर दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त कार्रवाई बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड (राजस्व कोषांग), पटना के 29 अप्रील, 2017 के ज्ञापांक 26 द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में हुई जिसके अंतर्गत कुछ उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत् विपत्र भुगतान नहीं होने पर पूरे गाँव का विद्युत् संबंध विच्छेद का प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो विद्युत् विपत्र भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को बिजली से वंचित करने का क्या औचित्य है ?

--------

विकसित करना

*337. श्री अशोक कुमार सिंह(203)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत रामगढ़ प्रखंड के मसाढ़ी पंचायत के बैद्यनाथ गाँव में सदियों पुराना बैद्यनाथ मंदिर है जिसमें प्रतिवर्ष लाखों लोग दर्शन करने आते हैं, परन्तु मंदिर के विकास के लिये विभाग के द्वारा कोई भी प्रयास नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार उक्त बैद्यनाथ मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

समस्या से निजात

*338. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम-नारायणपुर, छतियौना, रेही, मुशहरी टोला, हृदयपुर, कदवा आदि गाँवों से होकर केवल दो फेज लाइन गुजरता है, जिससे ट्रांसफॉर्मर बराबर खराब होता रहता है एवं लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार एक फेज और तार बढ़ाकर लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवस्था कराना

*339. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि एडवांस लाईफ सपोर्ट एम्बुलेंस 1099 से इमरजेंसी मरीजों को आधुनिक सुविधा प्राप्त होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक जिला मुख्यालय में ही लाईफ सपोर्ट एम्बुलेंस है जबकि अनुमंडलस्तरीय एवं प्रखंडस्तरीय हॉस्पीटल में इस प्रकार के एम्बुलेंस सुविधा नहीं रहने से इमरजेंसी मरीजों को परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार के सभी अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के अस्पतालों में लाईफ सपोर्ट एम्बुलेंस की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*340. श्री फैसल रहमान--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखंड में गाँधी माध्यमिक विद्यालय, बड़हरवा लखन सेन स्कूल की स्थापना महात्मा गाँधी ने नवम्बर, 1917 में किया था जिसमें महात्मा गाँधी, कस्तूरबा गाँधी, बबन गोखले एवं अवन्तिका बाई गोखले ऐतिहासिक पुरुषों ने शिक्षक के रूप में योगदान दिया था, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*341. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के एकंगरसराय प्रखंड एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है जिसकी आबादी 70,000 से अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एकंगरसराय प्रखंड में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित है जिसमें मात्र 25 बेड ही उपलब्ध हैं जिससे मरीजों को भर्ती कर इलाज करने में भारी असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एकंगरसराय प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को 100 बेड वाले अस्पताल में कबतक उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार कराना

*342 श्री फैसल रहमान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखंड के अनुमंडलीय ढाका रेफरल अस्पताल का भवन 3 वर्षों से जर्जर होने एवं अस्पताल के छत टूटने से चिकित्सक एवं मरीज घायल हो चुके हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल भवन का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा

पटना :
दिनांक 25 अगस्त, 2017 (ई०)।

बि०स०मु० (एल०ए०), 31 डी०डी०पी०-500